Article Date	Headline / Summary	Publication
02 May 2026	Find out in just minutes whether your insurance is sufficient	Dainik Navjyoti

बस कुछ ही मिनटों में जानें कि आपका इंश्योरेंस पर्याप्त है या नहीं

एजेंसी/नवज्योति,नई दिल्ली। डॉ. तपन सिंघल, एमडी एवं सीईओ, बजाज जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड, के अनुसार केवल इंश्योरेंस पॉलिसी लेना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना अधिक जरूरी है कि आपका कवर आपकी वास्तविक जरूरतों के अनुरूप हो। बढ़ती महंगाई और जोखिमों के इस दौर में कम कवरेज भविष्य में गंभीर आर्थिक संकट का कारण बन सकता है। स्वास्थ्य बीमा के क्षेत्र में भारत में मेडिकल महंगाई लगभग 15 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है, जबकि अधिकांश लोग अब भी 3 से 5 लाख रुपये के कवर पर निर्भर हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि बड़े अस्पतालों में इलाज के खर्च को देखते हुए यह राशि पर्याप्त नहीं है। इसलिए हर 2-3 वर्ष में अपनी पॉलिसी की समीक्षा करना और आवश्यकतानुसार कवर बढ़ाना बेहद जरूरी है। केवल नियोक्ता द्वारा दिया गया ग्रुप बीमा भी पर्याप्त नहीं होता, ऐसे में व्यक्तिगत हेल्थ इंश्योरेंस या टॉप-अप प्लान लेना समझदारी है। साथ ही कैंसर, हृदय रोग और स्ट्रोक जैसी गंभीर बीमारियों के लिए क्रिटिकल इलनेस कवर भी महत्वपूर्ण है। घर अधिकांश परिवारों की सबसे बड़ी संपत्ति होता है, लेकिन होम इंश्योरेंस को लेकर जागरूकता अभी भी कम है।